Regarding airport in Nalanda

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं नालंदा संसदीय क्षेत्र से आता हूं । हमारे यहां लगभग लाखों पर्यटक डेली आते हैं । उसका कारण है कि नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, ज़ू सफारी है, ग्लास ब्रिज, जो राजगीर में है, इसलिए वहां पर काफी पर्यटक आते हैं । मेरा अनुरोध है कि नालंदा में एक पांच सितारा होटल और एयरपोर्ट की व्यवस्था की जाए, जिससे आने-जाने वाले पर्यटकों को लाभ मिल सके ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।